# नगर पंचायत सुन्नी, जिला शिमला, हिमाचल प्रदेश के लेखाओं का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन
## अवधि 01.04.2021 से 31.03.2023 तक

## भाग–एक

**1. प्रारम्भिक**

**(क)** ग्यारहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के फलस्वरूप नगर पालिका अधिनियम 1994 की धारा 255 (1) में संशोधन होने व प्रधान सचिव (वित्त) हिमाचल प्रदेश सरकार की अधिसूचना संख्याः 1–376/81–फिन (एल0ए0) खण्ड–IV, दिनाँक 16.10.2008 द्वारा नगर पालिकाओं/नगर पंचायतों के लेखाओं के अंकेक्षण का दायित्व निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग को सौंपे जाने के दृष्टिगत, नगर पंचायत सुन्नी, जिला शिमला के लेखाओं का अंकेक्षण कार्य हि0प्र0 राज्य लेखा परीक्षा विभाग द्वारा निष्पादित किया गया।

**अंकेक्षण अवधि 01.04.2021 से 31.03.2023 के दौरान नगर पंचायत सुन्नी, जिला शिमला में निम्न अध्यक्ष एवं सचिव नियन्त्रक अधिकारी, आहरण एवं संवितरण अधिकारी के रूप में कार्यरत रहेः–**

**(i) अध्यक्ष**

| क्र0 सं0 | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री प्रदीप शर्मा | 01.04.2021 से 31.03.2023 |

**(ii) सचिव एवं आहरण व संवितरण अधिकारी**

| क्र0 सं0 | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री देव पाल चौहान, तहसीलदार | 01.04.2021 से 20.09.2021 |
| 2 | श्री सलीम मोहम्मद, नायब तहसीलदार | 21.09.2021 से 13.10.2022 |
| 3 | श्री दिनेश कुमार, सचिव | 14.10.2022 से 31.03.2023 |

**(ख) गम्भीर अनियमितताओं का संक्षिप्त सार**

**नगर पंचायत सुन्नी, जिला शिमला के लेखाओं अवधि 04/2021 से 03/2023 तक के अंकेक्षण में पाई गई गम्भीर अनियमितताओं का संक्षिप्त सार निम्न प्रकार से हैः–**

| क्र. सं. | गम्भीर अनियमितताओं का संक्षिप्त सार | पैरा संख्या | राशि लाखों में (₹) |
|---|---|---|---|
| 1 | बैंक द्वारा सावधिक जमा की परिपक्वता पर कम ब्याज प्रदान करना | 6.2 | 1.50 |
| 2 | अनुदानों से व्यय के उपयोगिता प्रमाण पत्र अंकेक्षण में प्रस्तुत न करना। | 9.2 | 293.81 |
| 3 | पंचायत द्वारा पाँच से दस वर्ष उपरान्त भी सहायता अनुदान का उपयोग न करना | 9.4 | 34.06 |



Scanned with CamScanner

लेखों का सत्यापन नहीं किया जा सका, अंकेक्षण के दौरान केवल रोकड़ बही का सत्यापन अंकेक्षण द्वारा किया गया। अतः सुझाव दिया जाता है कि यथाशीघ्र नियमानुसार लेखों का संधारण किया जाना सुनिश्चित किया जाये व अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

**4.2 दोहरी लेखा पद्धति के आधार पर लेखों/वर्गीकृत खाता बहियों उचित प्रकार से रख–रखाव न करना :–**

अंकेक्षण में पाया गया कि नगर पंचायत द्वारा दोहरी लेखा पद्धति के आधार पर लेखों/वर्गीकृत बहियों का रख–रखाव नहीं किया गया था जबकि निदेशक, शहरी विकास विभाग हि0प्र0 द्वारा दिनाँक 01.04.2009 से दोहरी लेखा पद्धति के आधार पर लेखों का रख–रखाव करने के निर्देश दिए गए थे परन्तु संस्था स्तर पर लेखों का रख–रखाव दोहरी लेखा पद्धति के अनुसार उचित प्रकार से नहीं किया गया था जोकि नियमों के प्रतिकूल होने के कारण एक गम्भीर अनियमितता है। लेखों का नियमानुसार रख–रखाव न करने के कारण अंकेक्षण अवधि के दौरान खातों के प्रारम्भिक शेष, प्राप्त आय, व्यय व अन्त शेष की सत्यापना नहीं की जा सकी तथा ऐसे में लेखों में किसी प्रकार की अनियमितता की सम्भावना को भी नकारा नहीं जा सकता है। अंकेक्षण अधियाचना संख्याः एसके–एसओ/स्टेट ऑडिट–2024–20 दिनाँक 19.02.2024 द्वारा वर्णित अनियमितता के सन्दर्भ में तथ्यों सहित वस्तु स्थिति स्पष्ट करने हेतु अनुरोध किया गया था जिसके प्रत्युतर में नगर पंचायत द्वारा पत्र संख्याः NO/NP SUNNI/2023-302 दिनाँक 29.02.2024 के अन्तर्गत सूचित किया गया कि नगर पंचायत में अभी तक दोहरा लेखा पद्धति के आधार पर लेखों का रख–रखाव नहीं किया गया है तथा आश्वस्त किया गया कि भविष्य में नियमानुसार लेखों/वित्तीय विवरणियों का संधारण सुनिश्चित कर दिया जायेगा व कृत कार्रवाई से अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जायेगा। अतः सुझाव दिया जाता है कि यथाशीघ्र नियमानुसार लेखों का संधारण/रख–रखाव सुनिश्चित किया जाये व अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

**5 वित्तीय स्थिति**

**5.1 सामान्य रोकड़ बही**

नगर पंचायत द्वारा अंकेक्षण अधियाचना संख्याः एसके–एसओ/स्टेट ऑडिट/2023–193 दिनाँक 05–12–2023 के सन्दर्भ में यथा **परिशिष्ट–"1"** पर उपलब्ध करवाई गई सूचनानुसार अवधि 01.04.2021 से 31.03.2023 तक की वित्तीय का विवरण निम्न प्रकार से थाः–

**Financial Position of Nagar Panchayat Sunni, Distt. Shimla (H.P.) for the year 2018-2021 to 2020-2023.**

| Year | Head | Opening Balance | Receipt | Intt. Income | Total | Expenditure | Closing Balance |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2021-22 | Own Soruce | 13704794.80 | 4549522.19 | 1280612.00 | 19534928.99 | 836861.00 | 18698067.99 |
| | Grant In Aids | 22031618.00 | 10468990.14 | 0.00 | 32500608.14 | 13461724.80 | 19038883.34 |
| **Total** | | **35736412.80** | **15018512.33** | **1280612.00** | **52035537.13** | **14298585.80** | **37736951.33** |
| 2022-23 | Own Soruce | 18698067.99 | 2462984.50 | 949619.00 | 22110671.49 | 2090008.40 | 20020663.09 |
| | Grant In Aids | 19038883.34 | 23911830.19 | 0.00 | 42950713.53 | 32305646.19 | 10645067.34 |
| **Total** | | **37736951.33** | **26374814.69** | **949619.00** | **65061385.02** | **34395654.59** | **30665730.43** |



Scanned with CamScanner

**5.2 नगर पंचायत सुन्नी के बचत बैंक खाते में जमा राशि का विवरण**

अंकेक्षण अधियाचना संख्याः एसके–एसओ/स्टेट ऑडिट/2023–193 दिनाँक 05–12–2023 के सन्दर्भ में यथा **परिशिष्ट "1"** पर प्रस्तुत सूचनानुसार दिनाँक 31.03.2023 को नगर पंचायत सुन्नी के बचत बैंक खातों में जमा राशि का विवरण निम्न प्रकार से थाः–

| **Detail of all the Bank Accounts operated by Nagar Panchayat Sunni, Distt. Shimla during the period 01-04-2021 to 31-03-2023** | | | |
|---|---|---|---|
| **Sr. No.** | **Balance as per bank pass books as on 31-03-2023** | **Account No.** | **Amount** |
| 1 | H.P. State Co-operative Bank Sunni, Distt. Shimla | 44110105731 | 11251301.80 |
| 2 | Punjab National Bank Sunni, Distt. Shimla (H.P.) | 869000100052441 | 59361.29 |
| 3 | HFDC Bank Sunni, Distt. Shimla (H.P.) | 50100193335502 | 725.00 |
| 4 | HFDC Bank Sunni, Distt. Shimla (H.P.) | 50100115852123 | 1752150.00 |
| 5 | HFDC Bank Sunni, Distt. Shimla (H.P.) | 50100318476417 | 39954.00 |
| 6 | HFDC Bank Sunni, Distt. Shimla (H.P.) | 50100318476302 | 0.00 |
| 7 | HFDC Bank Sunni, Distt. Shimla (H.P.) | 50100349363108 | 2045922.34 |
| 8 | HFDC Bank Sunni, Distt. Shimla (H.P.) | 50100349363006 | 1165653.00 |
| 9 | HFDC Bank Sunni, Distt. Shimla (H.P.) | 50100205257412 | 11.00 |
| 10 | HFDC Bank Sunni, Distt. Shimla (H.P.) | 50100334135803 | 1080019.00 |
| 11 | HFDC Bank Sunni, Distt. Shimla (H.P.) | 50100324860752 | 325681.00 |
| 12 | HFDC Bank Sunni, Distt. Shimla (H.P.) | 50100496592996 | 38716.00 |
| 13 | HFDC Bank Sunni, Distt. Shimla (H.P.) | 50100496592832 | 4266817.00 |
| **Total** | | | **22026311.43** |
| **Balance as per FDRs as on 31-03-23** | | | **13156223.00** |
| **Total** | | | **35182534.43** |

**5.3 बैंक समाधान विवरणी :–** अंकेक्षण अधियाचना संख्याः एसके–एसओ/स्टेट ऑडिट/2023–193 दिनाँक 05–12–2023 के सन्दर्भ में नगर पंचायत द्वारा यथा **परिशिष्ट–"1"** पर प्रस्तुत सूचनानुसार दिनाँक 31.03.2023 को बैंक समाधान विवरणी का विवरण निम्न प्रकार से थाः–

| **Bank Reconciliation Statement of Nagar Panchayat Sunni, Distt. Shimla (H.P.) as on 31-03-2023** | | | |
|---|---|---|---|
| **Balance as per cash book, as on 31-03-2023** | | | 30665730.43 |
| **Balance as per bank pass books, as on 31-03-2023** | | | 35182534.43 |
| **Difference** | | | **-4516804.00** |
| **Balance as per cash book, as on 31-03-2023** | | | **30665730.43** |
| Less (-) | Cash in hand (Deposited on 01-04-2023) | 1209.00 | |
| Add (+) | Excess Deposited ((Total of G-8 receipt No. 67 to 69 Rs 830 Deposited 870, CBP-78) | 40.00 | |
| Add (+) | RTGS of payment issued on 30-03-2023 cleared on 03-04-2023 | 1050.00 | |
| Add (+) | RTGS of payment issued on 30-03-2023 cleared on 03-04-2023 | 3375.00 | |
| Add (+) | RTGS of payment issued on 30-03-2023 cleared on 03-04-2023 | 5550.00 | |
| Add (+) | RTGS of payment issued on 30-03-2023 cleared on 03-04-2023 | 4125.00 | |
| Add (+) | RTGS of payment issued on 30-03-2023 cleared on 03-04-2023 | 2650.00 | |



Scanned with CamScanner

| | | | |
|---|---|---|---|
| Add (+) | RTGS of payment issued on 30-03-2023 cleared on 03-04-2023 | 55000.00 | |
| Add (+) | Interest earned on FDRs up to 31-03-2023 but not entered in Cash Book | 4446223.00 | |
| **Total** | | | 4516804.43 |
| **Balance as per bank pass books (Including FDRs), as on 31-03-2021** | | | **35182534.43** |
| **Difference after reconciliation (Addition and substraction)** | | | **0.00** |

**Statement of FDRs, as on 31-03-2023, in respect of Nagar Panchayat Sunni, Distt. Shimla (H.P.)**

| Sr. No. | Bank Name | FDR No. | Balance as per FDRs as on 31-03-23 | Balance taken in cash book as on 31-03-23 | Difference due to interest income |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | H.P. State Co-operative Bank Sunni, Distt. Shimla | Rec NO 1789606 A/C 44130101709 | **2000000.00** | 2000000.00 | 0.00 |
| 2 | H.P. State Co-operative Bank Sunni, Distt. Shimla | Rec NO 1789608 A/C 44130307850 | **3372840.00** | 2000000.00 | 1372840.00 |
| 3 | H.P. State Co-operative Bank Sunni, Distt. Shimla | Rec NO 1789607 A/C 44130307849 | **6803531.00** | 4000000.00 | 2803531.00 |
| 4 | State Bank of India (SBI) Sunni, Distt. Shimla | A/C 34973493133 | **979852.00** | 710000.00 | 269852.00 |
| **Total** | | | **13156223.00** | **8710000.00** | **4446223.00** |

**बैंक समाधान विवरणी के अंकेक्षण पर निम्न टिप्पणियाँ अपेक्षित हैं:–**

**(i) सावधि जमा में निवेश की गई राशि पर प्राप्त ब्याज ₹44.46 लाख की रोकड़ बही में गणना न करना**

नगर पंचायत द्वारा यथा **परिशिष्ट–"1"** अनुसार उपलब्ध करवाई गई सूचना/अभिलेख के अंकेक्षण में पाया गया कि नगर पंचायत द्वारा सावधिक जमा तथा पुनः निवेशित सावधि जमा पर प्राप्त ब्याज **₹4446223** की गणना रोकड़ बही में नहीं की गई थी जोकि गम्भीर वित्तीय अनियमितता है। वर्णित अनियमितता के सम्बन्ध में अंकेक्षण अधियाचना संख्याः एसके–एसओ/स्टेट ऑडिट–2024–20 दिनाँक 19.02.2024 द्वारा तथ्यों सहित वस्तु स्थिति स्पष्ट करने हेतु अनुरोध किया गया था जिसके प्रत्युतर में नगर पंचायत द्वारा पत्र संख्याः NO/NP SUNNI/2023-302 दिनाँक 29.02.2024 के अन्तर्गत सूचित किया गया कि भविष्य में नियमानुसार रोकड़ बही का संधारण सुनिश्चित कर दिया जायेगा व कृत कार्रवाई से अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जायेगा। अतः अविलम्ब नियमानुसार रोकड़ बही में ब्याज की राशि के लेखांकन को सुनिश्चित किया जाये व अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**(ii) बिना लेन–देन वाले बैंक खातों को जारी रखने का औचित्य स्पष्ट न करनाः–**

नगर पंचायत द्वारा यथा **परिशिष्ट–"1"** पर उपलब्ध करवाई गई सूचनानुसार अंकेक्षण अवधि के दौरान 13 बैंक खातों को संचालित किया गया था जिनमें से HDFC बैंक में संचालित निम्न बचत खातों



Scanned with CamScanner

स्पष्ट करने हेतु अनुरोध किया गया था जिसके प्रत्युत्तर में नगर पंचायत द्वारा पत्र संख्याः NO/NP SUNNI/2023-303 दिनाँक 29.02.2024 के अन्तर्गत सूचित किया गया कि प्रकरण के सन्दर्भ में नियमानुसार कार्रवाई उपरान्त कृत कार्रवाई से अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा। अतः उक्त अनियमितता का संज्ञान लेते हुए स्टोर/स्टॉक का नियमित भौतिक सत्यापन प्रति वर्ष करवाया जाना सुनिश्चित किया जाये व अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए ताकि स्टोर/स्टॉक में किसी प्रकार की दुर्विनियोजन/Pilferage की सम्भावना को नकारा जा सके।

31 **लघु आपत्ति विवरणिकाः—** यह अलग से जारी नहीं की गई थी तथा सभी लघु आपत्तियों का स्थल पर ही निपटारा कर लिया गया था।

32 **निष्कर्षः—** लेखों के रख—रखाव में सुधार की नितान्त आवश्यकता है।

हस्ता/—
(रविन्द्र कंवर)
उप—निदेशक
हि0प्र0 राज्य लेखा परीक्षा विभाग
कसुम्पटी शिमला—171009
दूरभाष —0177—2620881

30 MAR 2024

1652

पृष्ठांकन संख्याःफिन(एल0ए0) एच (2)सी—15(V)91/81 खण्ड—6 दिनांकः शिमला—171009,
प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित है :—

1 निदेशक, शहरी विकास हिमाचल प्रदेश शिमला—171002 को पैरा संख्याः 1 (ब) में वर्णित गम्भीर अनियमितताओं पर सम्बन्धित सचिव को आवश्यक कार्रवाई करने के लिए निर्देश जारी करने हेतु प्रेषित है।

2 उप सचिव एवं समिति अधिकारी, स्थानीय निधि लेखा समिति, हि0प्र0 विधान सभा, शिमला—04 (हि0प्र0) को सूचनार्थ प्रेषित है।

**पंजीकृत :** 3 सचिव, नगर पंचायत सुन्नी जिला शिमला (हिमाचल प्रदेश) को इस आशय के साथ प्रेषित की जाती है कि वह इस अंकेक्षण प्रतिवेदन में उठाई गई आपत्तियों का सटिप्पण उत्तर प्रतिवेदन जारी होने से एक माह के भीतर इस विभाग को प्रेषित करें।

(रविन्द्र कंवर)
उप निदेशक,
हि0प्र0 राज्य लेखा परीक्षा विभाग,
शिमला—171009.
दूरभाष —0177—2620881



Scanned with CamScanner